Navodhaya Times Date - 16.10.2023

डीसीपी ने अनाथ बच्चों को दिखाया लाइव क्रिकेट मैच



नई दिल्ली, 15 अक्तूबर (नवोदय टाइम्स): दिल्ली पुलिस की एक पहल **ऑपरेशन विश्वास** के तहत मध्य जिले ने सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और दिल्ली पुलिस-दिल की पुलिस के आदर्श वाक्य को बढ़ावा देने के लिए, डीडीसीए के सहयोग से, अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में अनाथ बच्चों के लिए इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच लाइव क्रिकेट मैच देखने के लिए व्यवस्था की। जिसके चलते बच्चे इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच लाइव क्रिकेट मैच देख सकें।

सेंट्रल डीसीपी संजय कुमार सैन ने बताया कि यह बच्चे दिल्ली के दरियागंज इलाके में स्थित एक अनाथालय के हैं। क्रिकेट स्टेडियम, दिल्ली में 200 अनाथ बच्चों ने इस अवसर को खूब सराहा। उनके चेहरों पर जो खुशी झलक रही थी वह देखने लायक थी। मध्य जिला पुलिस इस पहल का समर्थन करने के लिए डीडीसीए और बीसीसीआई को धन्यवाद देती है।

नवोदय टाइम्स Mon, 16 October 2023
https://epaper.navodayatimes.in/c/73687462

Navbharat times Date - 16.10.2023

200 बच्चों ने स्टेडियम में देखा क्रिकेट वर्ल्ड कप मैच



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत बच्चों को दिल्ली में हुए मैच को स्टेडियम लाकर दिखाया

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली:** सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने एक सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत 200 बच्चों को दिल्ली में इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच हुए वर्ल्ड कप मैच को स्टेडियम लाकर दिखाया। यह बच्चे दिल्ली के दरियागंज इलाके में स्थित एक अनाथालय में रहने वाले हैं। इन बच्चों को डीडीसीए की मदद से मैच दिखाया गया। डीसीपी संजय सेन ने बताया कि 'दिल्ली पुलिस, दिल की पुलिस' के तहत डीडीसीए के सहयोग से अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को क्रिकेट मैच दिखाने के लिए 200 बच्चों के लिए व्यवस्था की गई थी। उन्होंने स्टेडियम के अंदर लाइव मैच का लुत्फ उठाया।

Amar Ujala Date - 16.10.2023

पुलिस ने 200 अनाथ बच्चों को दिखाया क्रिकेट मैच



स्टेडियम में इंग्लैंड व अफगानिस्तान के बीच मुकाबले का लाइव प्रसारण देखते बच्चे। अमर उजाला

संवाद न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपनी 'दिल की पुलिस' के संदेश को आगे बढ़ाते हुए दरियागंज इलाके में स्थित एक अनाथालय के 200 बच्चों को अरूण जेटली स्टेडियम में रविवार को हुए इंग्लैंड व अफगानिस्तान के बीच मुकाबले को लाइव दिखाया। इस पहल में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने दिल्ली पुलिस का सहयोग किया था।

पहली बार स्टेडियम के अंदर मुकाबला देखने का मौका मिलने की खुशी बच्चों के चेहरों पर झलक रही थी। बच्चों के लिए खान-पान की भी अच्छे से व्यवस्था की गई थी। कई बच्चे मैच के लुत्फ के साथ मौज-मस्ती करते भी नजर आए।

पुलिस के आला अधिकारियों ने बच्चों के अनुभवों को भी सुना। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त संजय कुमार ने बताया कि बच्चों ने एक-एक कर अनुभव साझा किए है, इनसे बात करके बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं, उन्होंने इस पहल का समर्थन करने के लिए डीडीसीए और भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) का धन्यवाद किया है।

Dainik Jgran Date - 16.10.2023

बच्चों को पुलिस ने दिखाया क्रिकेट मैच



अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को हुए इंग्लैंड बनाम अफगानिस्तान के क्रिकेट मैच को देखते बच्चे ● सौजन्य. दिल्ली पुलिस

जासं, नई दिल्ली : अरुण जेटली स्टेडियम में रविवार को इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच हुए क्रिकेट मैच को बेसहारा बच्चों को भी दिखाया। दरियागंज के अनाथालय में रहने वाले करीब 200 बच्चों को क्रिकेट मैच दिखाया गया। डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए बेसहारा बच्चों को क्रिकेट मैच दिखाने के लिए डीडीसीए के सहयोग से स्टेडियम में व्यवस्था की गई। बच्चों ने मैच का खूब आनंद उठाया।